**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 13.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री की ईंधन बचत से संबंधित अपील के बाद प्रदेश में राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित विभिन्न मंत्रियों ने अपने काफिले के वाहनों की संख्या में कटौती की।**
- **सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए।**
- **केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि "वीबी– ग्राम जी" विकसित ग्राम से विकसित भारत की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल है।**
- **बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए करीब साढ़े पैंसठ लाख रूपये नगद सहित बड़ी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की।**

## पश्चिम एशिया संघर्ष–काफिला संख्या

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने ईंधन बचत उपाय तेज़ कर दिए हैं। वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के कारण प्रधानमंत्री ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले का आकार घटाकर आधे से भी कम कर दिया है। इधर, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने भी अपने आधिकारिक काफिले में चलने वाले वाहनों की संख्या कम कर दी है। श्री डेका ने आम जनता से भी मितव्ययता बरतने का आव्हान किया है। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेशवासियों से ईंधन संरक्षण और संसाधनों का संयमित उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने की दिशा में कार्यवाही शुरू की जाएगी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल–खरीफ फसल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस सीजन में आठ सौ चौबीस लाख मीट्रिक टन से अधिक फसल की खरीद की जाएगी।

## सीबीएसई–बारहवीं परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। इस वर्ष सी.बी.एस.ई. की कक्षा बारहवीं की विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषयों की परीक्षाएं सत्रह फरवरी से दस अप्रैल तक आयोजित की गईं थी। सी.बी.एस.ई. ने एक बयान में बताया कि सत्रह लाख अड़सठ हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें पंद्रह लाख सात हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत पचयासी दशमलव दो–शून्य प्रतिशत है। छात्र अपने परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और उमंग ऐप पर देख सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री–छत्तीसगढ़

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि "वीबी– ग्राम जी" विकसित ग्राम से विकसित भारत की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित सेमिनार और समीक्षा बैठक में बताया कि यह व्यवस्था एक जुलाई से देशभर में लागू की जाएगी। श्री पासवान ने कहा कि इससे ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा और पंचायत कार्यों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, समय पर भुगतान और सामाजिक अंकेक्षण को मजबूती मिलेगी, जिससे गांवों में विकास कार्यों में तेजी आएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री आज से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर हैं।

## भाजपा–बैठक

रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि जनता ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। पार्टी ने दावा किया कि राज्य सरकार ने 'मोदी गारंटी' के कई प्रमुख वादे पूरे किए हैं। बैठक में नक्सल उन्मूलन पर भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुरक्षा बलों की भूमिका की सराहना की गई।

## सूबेदार/उप निरीक्षक–परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर पदों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा बारह जुलाई को आयोजित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक राज्य के सभी तैंतीस जिलों में होगी। प्रवेष पत्र परीक्षा से पंद्रह दिन पहले आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। इधर, वन विभाग में वनरक्षक के एक हजार चार सौ चौरासी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को भेज दी गई है। लिखित परीक्षा की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। इस बीच, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आवास और पर्यावरण विभाग के अंतर्गत सहायक संचालक–योजना के इक्कीस पदों पर भर्ती के लिए अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है।

## मजदूर–मौत

बालोद जिले में मिट्टी धंसने से तीन मजदूरों की दबकर मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। यह हादसा कल शाम दल्लीराजहरा नगर में उस समय हुआ, जब मजदूर बीएसपी की सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी के धंसने से वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सिलेंडर ब्लास्ट–मुख्यमंत्री

दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के खपरी में गैस सिलेंडर ब्लास्ट में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के मामले मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की सहायता राषि देने की घोषणा की है। यह राषि शासन के नियमों के तहत दी जाने वाली चार–चार लाख रुपये की सहायता राषि के अतिरिक्त होगी।

## माओवादी सामग्री–बरामद

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखा गया करीब साढ़े पैंसठ लाख रूपये नगद सहित बड़ी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अब तक जिले में सात करोड़ रूपये से अधिक की नगद राशि के साथ ही आठ किलो दो सौ ग्राम सोना बरामद किया जा चुका है।

## रायगढ़–ऑनलाइन सट्टा

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और उससे जुड़े आर्थिक अपराधों पर कार्रवाई करते हुए रायगढ़ पुलिस ने एक संगठित सट्टा सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक करोड़ दो लाख रूपये से अधिक की नगद राशि बरामद की है। साथ ही नोट गिनने की मशीन, मोबाइल फोन और अन्य सामग्री सहित एक करोड़ तीन लाख रूपये से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है।

## स्वाभिमान पर्व–विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जायेगा। प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा तैयार इस कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजकर पंद्रह मिनट से होगा। इसे छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्र रिले करेंगे।

## ईओडब्ल्यू–कार्रवाई

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने सी.एस.एम.सी.एल. में हुए ओवर टाइम भुगतान मामले में सीडीएल कंपनी के वाईस प्रेसिडेंट एन. उदय राव को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले ही सात आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जा चुके हैं। उदय राव पर फील्ड संचालन में बिलिंग समन्वय और भुगतान की व्यवस्था की जिम्मेदारी थी। आरोप है कि वर्ष दो हजार उन्नीस से लेकर दो हजार तेईस के बीच ओवर टाइम, बोनस, चार अतिरिक्त दिवस भुगतान और सर्विस चार्ज के रूप में मैन पावर एजेंसियों को लगभग एक सौ तिरासी करोड़ रूपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया था।

## मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। वहीं, आज शाम राजधानी रायपुर सहित कुछ जिलों में बारिश होने के समाचार मिले हैं, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से कुछ राहत मिली है।

## संक्षिप्त समाचार–01

– केन्द्र सरकार ने सोने और अन्य कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है, जो आज से प्रभावी हो गया है।

– भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे – दो हजार पच्चीस के आंकड़ों में छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम होकर दो दशमलव तीन प्रतिशत दर्ज की गई है।

– एनसीईआरटी और सीबीएसई ने मिलकर तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटेषनल थिंकिंग और आर्टिफिषियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक नया पाठ्यक्रम शुरू किया है।

– विदेष मंत्रालय ने कहा है कि कैलाष मानसरोवर यात्रा के लिए पंजीकरण जल्द ही समाप्त होने वाला हैं। इच्छुक उम्मीदवार उन्नीस मई से पहले यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए के.एम.वाय डॉट जीओवी.इन पर जा सकते हैं।

– समाज कल्याण विभाग द्वारा आज बिलासपुर स्थित जिला और सत्र न्यायालय में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

– लोक शिक्षण संचालनालय ने महासमुंद जिले के भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र के अध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष सहित पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इन सभी पर परीक्षा संचालन में लापरवाही बरतने का आरोप है।

## संक्षिप्त समाचार–02

– महासमुंद जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई–केवायसी के एवज में हितग्राहियों से राशि मांगने के आरोप में चार सीएससी संचालकों की आईडी ब्लॉक कर दी गई है।

– बीजापुर जिले में डायल – एक सौ बारह आपातकालीन सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस सेवा के शुरू होने से नागरिकों को आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोंडागांव द्वारा कल चौदह मई को कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>